27(6)

कार्यालय मुख्य अभियंता (परियोजनाएं)
परियोजना अंचल, लोक निर्माण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
प्रथम मंजिल, एम.एस.ओ. भवन, आई.पी.इस्टेट, नई दिल्ली–110002, फोन: 23317560 फैक्स: 23725169

सं0: 9(2)/26/मु.ई.(परियो.)/लो.नि.वि./ई–2/ 819 दिनांक: 05/05/26

कार्यालय आदेश

विषयः– रोकड़िया के पद के लिए उच्च श्रेणी लिपिकों/अवर श्रेणी लिपिकों के विकल्प।

इस अंचल के अधीनस्थ मंडल में रोकड़िया के रिक्त पद को भरने कें लिए इच्छुक उच्च श्रेणी लिपिकों/अवर श्रेणी लिपिकों से विकल्प आमंत्रित किये जाते है। सभी मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता/परियोजना प्रबंधक एवं उनके अधीनस्थ कार्यपालक अभियंताओं से अनुरोध है कि इच्छुक एवं योग्य उच्च श्रेणी लिपिकों/अवर श्रेणी लिपिकों के विकल्प उनके सेवा विवरण तथा उनकी गोपनीय रिपोर्ट के सारांश सहित निम्न प्रपत्र में दिनांक 25.05.2026 तक इस कार्यालय में भेंज दे। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त नामों पर विचार नहीं किया जाएगा। विकल्प अंचल व परिमंडल स्तर पर समेकित करके ही भेंजें। कार्यालय जहां रोकड़िया के पद को भरा जाना है।

कार्यालय का नाम – कार्यालय अभियंता शिक्षा अनुरक्षण मंडल (पूर्व एवं उत्तर–पूर्व)

रोकड़िया पद के इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित शर्तों को पूरी करते हों (आदेश जारी होने की तिथि को)–

1. वे कर्मचारी स्थायी हों एवं PIMS/ERP द्वारा वर्ष 2025 के अंत में फाइल की गई संपत्ति विवरणी की प्रति संलग्न करें।
2. उन्हें लिपिक ग्रेड में कम–से–कम दो वर्ष लेखाशाखा में कार्य का अनुभव हो।
3. वे कम–से–कम छः माह से पत्राचार शाखा में कार्य कर रहें हों या लेखाशाखा में कार्य करते हुए एक वर्ष से कम का समय हुआ हो।
4. वे आवश्यक प्रतिभूति देने के भागी होंगे।
5. इच्छुक कर्मचारी की पिछले पाँच वर्ष की गोपनीय रिपोर्ट का सारांक्ष एवं सतर्कता सफाई प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र पर विकल्प के साथ अवश्य भेजें, अन्यथा विचार नहीं किया जाएगा।
6. कर्मचारी द्वारा विकल्प दिये जाने के बाद किसी भी स्थिति मे उसे वापिस लेने की अनुमति नही होगी तथा कर्मचारी का रोकडिया पद पर चयन हो जाने पर एवजी की प्रतीक्षा किये बिना कार्यभार मुक्त करना होगा।
7. दिल्ली में स्थित के.लो.नि.वि. के कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए मान्य।
8. देरी से प्राप्त होनें वाले विकल्पों पर विचार नहीं किया जायेगा।

क्रम सं0	नाम व पदनाम	जन्म तिथि	नियुक्ति की तिथि	स्थायीकरण की तिथि	पिता का नाम	लेखा शाखा में तैनाती की तिथि	पत्राचार शाखा में तैनाती की तिथि	लेखा शाखा का अनुभव	रोकड़िया के पद पर अनुभव	सतर्कता का कोई मामला उनके विरूद्ध है या नहीं	कार्यालय जहाँ पर कार्यरत है।
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12

प्रमुख अभियन्ता
आवती सं.H-2830
दिनांक 06/05/26
प्रमुख अभियन्ता
निदेशक (कार्मिक)
निदेशक (अनु.)
निदेशक (कार्य)
उप सतर्कता अधिकारी
उप निदेशक (कार्य/कार्मिक/अनु./जन सूचना)

यदि किसी कर्मचारी को कारणवश लेखाशखा में तैनाती के लिए रोका गया है तो कृप्या उनके नाम अग्रेषित न किये जायें।

चयन होने की स्थिति में उम्मीदवार को शीघ्र कार्यभार मुक्त करना होगा केवल उन्हीं लिपिकों के नाम भेजें जो उपर्युक्त शर्तों का पूरी करते हो अन्यथा उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह आदेश मुख्य अभियंता (परियोजनाएं) महोदय की अनुमति से जारी किया जाता है।

DD(E) 05/05 AAO-II 11/05 EI 11/5

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
परियोजा अंचल

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख अभियंत, लो.नि.वि., रा.रा.क्षे.दिल्ली सरकार, नई दिल्ली। कृप्या यह कार्यालय आदेश लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करें।

2–7. मुख्य अभियंता अंचल (दक्षिण), (उत्तर), (पूर्व), (स्वास्थ्य), (न्यायपालिका एवं परियोजनाएं) एवं (फ्लाईओवर), लो.नि.वि. नई दिल्ली। उनसे अनुरोध है कि वे इसे अपने अधीन परिमंडल/मंडल कार्यालय में परिचालित करें।

8–10. अधीक्षण अभियंता, शिक्षा अनुरक्षण ईकाई–1,2 एवं 3 लो.नि.वि., नई दिल्ली।

11–18. कार्यपालक अभियंता, शिक्षा अनुरक्षण मंडल (पूर्व एवं उत्तर–पूर्व), (पश्चिम), (उत्तर), (दक्षिण एवं दक्षिण–पूर्व), (उत्तर–पश्चिम), (दक्षिण–पश्चिम), (केन्द्रीय एवं नई दिल्ली) एवं (वैद्युत मंडल एम–1), लोनिवि, नई दिल्ली।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी
4.5.26